दैनिक जागरण 04/11/23

स्तन कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को सभी स्टाफ सदस्यों के लिए स्तन कैंसर जागरूकता पर एक वार्ता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त व कार्यक्रम की संयोजक डा. सीमा कंसल ने इस अवसर पर आदेश मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की आंकोलाजिस्ट डा. ममता सिंगला व डाक्टर दीपक मल्होत्रा का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डाक्टर ममता सिंगला ने स्तन कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों पर विस्तार से बताया। उन्होंने इस दौरान महिलाओं से ब्रेस्ट कैंसर के किसी भी तरह के प्रारंभिक लक्षण पाए जाने पर तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श कर उपचार शुरू कराने को कहा। उन्होंने महिलाओं से नियमित व्यायाम करने, पौष्टिक आहार लेने व नवजात शिशु को कुछ माह तक केवल स्तनपान कराने को कहा। इस अवसर पर टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफ मौजूद रहे।

जीएमएन कालेज में आयोजित वार्ता में मौजूद स्टाफ व अन्य • सौजन्य विज्ञप्ति